यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India


अच्छे लोग, अच्छा बैंक Good people to bank with

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

# यूनियन मुस्कान

## पूरे हों हर बच्चे के अरमान




बहुत-बहुत बधाई, बिटिया 4 वर्ष की हो गई है.
अब आपको इसका भविष्य संवारने के विषय में सोचना चाहिए.
मैंने इसके लिए अच्छा सा स्कूल देख लिया है वहाँ पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी बहुत अच्छी हैं.
मेरा मतलब कुछ और है.
तुम्हें किसी भी प्रकार की चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं.
भला कैसे ?
मैंने कल ही यूनियन बैंक में उसका “यूनियन मुस्कान” खाता खोला है.



यूनियन मुस्कान? पर इतनी छोटी सी बच्ची बैंक खाता कैसे चलाएगी?
मुझे भी बताओ. मैं भी अपने 5 वर्ष के बेटे का खाता खुलवाना चाहता हूँ.
सही है मित्र. बच्चों में अच्छी आदतें बचपन से ही डाल देनी चाहिए,जैसे बचत करने की आदत.
बचत बैंक
बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी इस विषय में जागरूक करना और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करना भी जरुरी है.
समझाता हूँ, 18 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों का खाता माता-पिता/ अभिभावक के संरक्षण में खोला और परिचालित किया जा सकता है.


अच्छा. पर हम इसमें से पैसे निकालना चाहें तो कैसे निकालेंगे?
बैंक प्रतिवर्ष 20 पन्ने की व्यक्तिगत चेक बुक देता है, वह भी निःशुल्क.
तो क्या हमें हर बार बैंक जाना पड़ेगा?
अरे नहीं, माता-पिता और अभिभावकों को प्लैटिनम कार्ड भी जारी किया जाता है, वह भी एकदम मुफ्त. बस अन्य कार्डों की तरह उस पर भी वार्षिक शुल्क देना पड़ता है.
तो क्या इस कार्ड से भी हम अपने एटीएम कार्ड की तरह लेनदेन कर सकते हैं?



क्यों नहीं. अपने बैंक के एटीएम से प्रतिमाह 5 लेनदेन निःशुल्क तथा दूसरे बैंक के एटीएम से महानगरों में प्रतिमाह 3 लेनदेन या अन्य स्थानों में प्रतिमाह 5 लेनदेन निःशुल्क हैं.
क्या एटीएम से निकासी की कोई सीमा भी है?
आप रु. 5000/- प्रतिदिन नकद ए टी एम से निकाल सकते हैं और रु.25000/- पी ओ एस लेनदेन कर सकते हैं.
हां, एक और खास बात कार्ड के साथ यूनियन बैंक और रुपे कार्ड द्वारा 2-2 लाख रुपए का आकस्मिक मृत्यु दुर्घटना बीमा भी दिया जाता है.
सच, यूनियन बैंक को बच्चों के भविष्य की कितनी चिंता है.


अच्छा मित्र,मैं तो चला "यूनियन मुस्कान" का खाता खुलवाने.
ठीक है, नमस्ते.
आने वाले समय में हमें इससे और भी फायदे मिल सकते हैं.
जैसे केवल स्कूल/कॉलेज शुल्क /अग्रिम शुल्क के भुगतान हेतु किसी भी राशि का प्रतिमाह एक डीडी / एनईएफ़टी नि:शुल्क है.
डीडी
यूनियन बैंक
Union Bank
of India
मैनेजर साहब बता रहे थे कि "यूनियन मुस्कान" बचत खाते से बच्चे के नाम से खोले जाने वाले आरडी खाते के बहुत लाभ हैं.
अच्छा तो कल ही हम बैंक चलते हैं और बिटिया का आरडी खाता खोल लेते हैं.


बैंक में
आपने बिल्कुल सही निर्णय लिया. इसमें आपको बचत खाते के मुकाबले ब्याज भी अधिक मिलेगा
और पहले आरडी खाते पर माता-पिता या अभिभावक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में सावधि दुर्घटना बीमा सुविधा भी.
वाह! यानी एक पंथ दो काज.
यह रही आपकी पासबुक, कल जल्दबाजी में आप इसे ले जाना भूल गये थे.
धन्यवाद. अच्छा, क्या इसकी कुछ और शर्तें भी हैं?
शाखा प्रबंधक


जी हां, बच्चे की प्रवेश आयु 0 से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए. आरडी खोलते समय माता-पिता या अभिभावक की आयु 18 और 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए.
एक बात और, आरडी खाते में सावधि बीमा का लाभ लेने के लिए किसी भी समय बचत खाते में एक्यूबी आरडी की अवधि के दौरान रु.5000/- से कम नहीं होना चाहिए
और एक से अधिक बच्चे हों तो?
अधिकतम 2 बच्चों के लिए प्रति बच्चा केवल एक आरडी को सावधि बीमा के तहत कवर किया जाएगा.
अगर हम बच्चे का एक से अधिक आरडी खाता खुलवाना चाहते हैं तो क्या यह संभव है?


जी हां, इस पर कोई रोक नहीं है.
इसकी किस्तों का भुगतान केवल बचत बैंक मुस्कान खाते के माध्यम से ही किया जाएगा.
यूनियन मुस्कान
आरडी
योजना के तहत खोले गए आरडी खाते के लिए सावधि बीमा का कवरेज परिपक्वता तक जारी रहेगा, भले ही अब वह अवयस्क बालिग हो जाए या अन्य स्कीम में स्विच हो जाए.
बालिकाओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना भी तो है.
सुकन्या समृद्धि योजना
हां, यह खाता भी मासिक जमा के स्थाई अनुदेश के साथ खोला जा सकता है.


आपकी बच्ची बहुत प्यारी है. आप इसके सपने पूरे करने के लिए सही तैयारी कर रहे हैं.
"यूनियन मुस्कान" इतनी अच्छी योजना है कि इसे हर माता-पिता को अपनाना चाहिए.
मैं अपने सभी मित्रों और सहकर्मियों को भी इसके विषय में बताऊँगा.
यह आपके लिए.
थैंक्यू अंकल, आप बहुत अच्छे हैं.
आप बड़े होकर क्या बनना चाहेंगी? डॉक्टर, इंजीनियर या कुछ और?


मैं पायलट बनूंगी और सबको खूब सैर कराऊंगी.
शाबाश.
यूनियन बैंक Union Bank
अच्छे लोग, अच्छा बैंक Good people to bank with
भविष्य में यदि आपको एजुकेशन लोन की आवश्यकता पड़े तो यूनियन बैंक के पास आपके लिए एक छोटा सा सरप्राइज और है.
अच्छा वह क्या?
बच्चों का खाता न्यूनतम 5 वर्ष और उसके वयस्क होने के बाद खाता मुस्कान योजना से परिवर्तित होकर जिस योजना में लाया जाएगा उसे कम से कम 3 वर्ष चलाने पर बैंक शिक्षा ऋण में 0.25% की ब्याज पर छूट देता है.
वाह, यह तो बोनस हो गया.




आलोक भार्गव द्वारा रेखांकित व यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, जमा संग्रहण विभाग के समन्वयन से राजभाषा कार्यान्वयन प्रभाग, मानव संसाधन विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई-400021 द्वारा प्रकाशित.

यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया Union Bank of India

अच्छे लोग, अच्छा बैंक Good people to bank with